100 Years 1920 - 2020
University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

डा॰ विनोद कुमार सिंह
कुलसचिव
Dr. Vinod Kumar Singh
Registrar

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

शुभकामना संदेश

हर्ष का विषय है कि ‘उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सत्र 2020–22 की राज्य स्तरीय बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2020’ का दायित्व लखनऊ विश्वविद्यालय को पुनः सौंपा गया है। यह एक ओर सरकार द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति विश्वास को व्यक्त करता है, वहीं दूसरी ओर लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य–प्रणाली को भी स्पष्टः परिभाषित करता है। इससे विश्वविद्यालय परिवार प्रफुल्लित एवं उत्साहित हुआ है। किन्तु यह दायित्व सुखद होने के साथ–साथ चुनौती पूर्ण भी है।

वर्तमान तकनीकी परिदृश्य में अभ्यर्थियों के लिए परिस्थितियां जहाँ अनुकूल व सहज हुई हैं, वही अनेक कठिनाइयां भी उपस्थित हुई हैं। हम यथासंभव अभ्यर्थियों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में निरन्तर प्रयासरत रहे हैं।

संभव है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रक्रिया में कुछ कठिनाई हो, किन्तु वैश्विक विकास में तकनीकी के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रक्रिया उनके लिए अनुभव–प्रदाता सिद्ध होगी। अत्यन्त सरल भाषा में तैयार निर्देश–पुस्तिका अभ्यर्थियों के किसी प्रकार का संशय को निश्चय ही दूर करेगी।

हम दृढ संकल्प है कि अभ्यर्थियों को अधिकतम सुविधा प्रदान करते हुए, प्रवेश परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शिता, सुचिता, सहजता व गोपनीयता के साथ संपन्न हो।

मैं समस्त अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य एवं सफलता की शुभ कामना करता हूँ।

डॉ॰ विनोद कुमार सिंह
राज्य नोडल अधिकारी
संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020